मुख्य अतिथि के रूप में व्याख्यान

बच्चन जयंती

शासकीय नवीन महाविद्यालय चपले — 05 दिसम्बर 2023

शासकीय नवीन महाविद्यालय चपले में हालावाद के प्रवर्तक कवि डॉ0 हरिवंशराय बच्चन जी की जयंती (27 नवम्बर) के उपलक्ष्य में दिनांक 05 दिसम्बर 2023 को एक व्याख्यान रखा गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता डॉ0 आर के टण्डन ने हिन्दी भाषा एवं बच्चन जी पर छात्रों को सम्बोधित किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ0 प्राची थवाईत थी। मंच संचालन प्रो0 राजेश कुमार लहरे ने किया। प्रभारी प्राचार्य गोविन्द सिंह राठिया एवं अन्य प्राध्यापकों की उपस्थिति में छात्रों ने उक्त सारगर्भित उद्बोधन का लाभ उठाया।

डॉ. हरिवंश राय बच्चन की स्मृति में व्याख्यान माला का आयोजन

चपले। नवीन शासकीय महाविद्यालय चपले में मंगलवार को प्राचार्य डॉक्टर राकेश तिवारी के मार्गदर्शन में व्याख्यान माला माला का आयोजन किया गया, जिसकी संयोजक सहायक प्राध्यापक हिंदी डॉ. प्राची थवाईत रहीं। मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में आमन्त्रित महात्मा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज खरसिया के प्राध्यापक एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार टंडन रहे जिन्होंने हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी भाषा के उद्भव एवं विकास पर व्यापक चर्चा करते हुए बच्चन के साहित्य और जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। उन्होंने अपनी एक स्वरचित कविता भी सुनाई जो काफी मार्मिक और भाव विभोर करने वाली थी। डॉ. प्राची थवाईत ने समाज एवं परिवार का बच्चन के कवि व्यक्तित्व पर प्रभाव एवं उनकी रचनाओं पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश कुमार लहरे ने किया।

सहायक प्राध्यापक मेहर लाल पटेल ने बच्चन के अनुदित साहित्य पर व्याख्यान दिया तथा सहायक प्राध्यापक सफेद कुमार मेहर ने बच्चन ने रचित अग्निपथ कविता का वाचन कर छात्र-छात्राओं में उत्साह जागृत किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक आशीष बरगाह, सहायक प्राध्यापक छाया सिदार, सहायक प्राध्यापक संगीता सिदार, ग्रंथ पाल जयश्री मांझी, सहायक प्राध्यापक सुब्रत मंडल सहायक प्राध्यापक प्रमिला कंवर एवं हिमांशु यादव, रानी वैष्णव, भानु प्रभा खलखो की गरिमामयी उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम के अंत में नोडल अधिकारी गोविंद सिंह राठिया ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

कार्यालय– नवीन शासकीय महाविद्यालय चपले, जिला–रायगढ़ (छ०ग०)

क्रमांक /121/ स्था. /2023 — चपले, दिनांक 28-11-2023

प्रति

श्री रमेश कुमार टण्डन,
प्राध्यापक (हिन्दी)
महात्मा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

विषय :– व्याख्यान हेतु आमंत्रण पत्र।

—00—

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि इस महाविद्यालय में दिनांक ~~[illegible]~~ 05.12.2023 दिन मंगलवार को डॉ. हरिवंश राय बच्चन जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में व्याख्यान हेतु आपको आमंत्रित किया गया है।

अतः आपसे निवेदन है कि महाविद्यालय में पधारकर व्याख्यान द्वारा छात्र/छात्राओं के ज्ञान लाभ में वृध्दि करने की कृपा करें।

GRathia
प्राचार्य
Principal
नवीन शासकीय महाविद्यालय
Naveen Govt. College Chaple
Dist. - Raigarh (C.G.)

पृ.क्र. /122/ स्था. /2023 — चपले, दिनांक 28-11-2023

प्रतिलिपि :–

1. प्राचार्य, महात्मा गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) सूचनार्थ।
2. कार्यालयीन प्रति।

GRathia
प्राचार्य
Principal
Naveen Govt. College Chaple
Dist. - Raigarh (C.G.)
नवीन शासकीय महाविद्यालय
चपले, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)